अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना

डाण्डालखौण्ड, सहस्त्रधारारोड, देहरादून–248001
ई–मेलः ayushmanuttarakhand@gmail.com

पत्रांक–AAUY /2019-20/ 221 दिनांकः 01 / 06 / 2019

कारण बताओ नोटिस

कृशन हॉस्पिटल, आर0 आर0 क्वाटर नं0 1, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर को निर्गत आदेश संख्या अ0आ0उ0यो0 / 2019–20 / 93 दिनांक 25 अप्रैल 2019 के क्रम में जाँच समिति द्वारा की गई जाँच आख्या दिनांक 21 मई 2019 के क्रम में जाँच आख्या का अध्ययन एवं परीक्षण किया गया। जाँच आख्या का अध्ययन एवं परीक्षण करने उपरांत निम्न तथ्य इस प्रकार हैं:–

(क)– अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना–राज्य स्वास्थ्य अभिकरण, के अन्तर्गत सूचीबद्ध चिकित्सालय कृशन हॉस्पिटल, आर0 आर0 क्वाटर नं0 1, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर, द्वारा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को उपचार प्रदान करने से सम्बन्धित कियान्वयन सहायता एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों एवं प्रमाणों का परीक्षण करने के उपरांत विदित हुआ कि कृशन चिकित्सालय, रूद्रपुर द्वारा 4 बिंदुओं के अनुसार अनियमितताएँ, अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी एवं दुरभि सन्धि किया जाना प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ।

(ख)– कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर द्वारा की गयी अनियमिताएँ, अनुबन्ध का उल्लंघन एवं धोखाधड़ी किये जाने के प्रकरणों की विस्तृत जाँच (Investigation) हेतु निम्न दो सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गयाः–

1. डॉ0 अमलेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक, मेडिकल एवं क्वालिटी, अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना, राज्य स्वास्थ्य अभिकरण (SHA)।
2. डॉ0 मदन मोहन, मेडिकल ऑफिसर, कियान्वयन सहायता एजेंसी (ISA)।

01.06.19

(ग)– कृशन हॉस्पिटल के विरूद्ध चार आरोप प्रकाश में आये हैं। प्रत्येक आरोप तथा इसके सम्बन्ध में जाँच समिति द्वारा की गयी जाँच का विवरण निम्न प्रकार है:–

1. **प्रथम आरोप** –अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के अन्तर्गत कृशन हॉस्पिटल, आर0आर0, क्वाटर न0 01, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर, बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर द्वारा सूचीबद्ध किये जाने हेतु किए गए आवेदन पत्र के अनुसार डॉ0 गौरव अग्रवाल 24X7 कृशन हॉस्पिटल, आर0आर0, क्वाटर न0 01, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर, बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर में उपलब्ध एकमात्र चिकित्सक हैं साथ ही डॉ0 गौरव अग्रवाल जवाहर लाल नेहरू, जिला चिकित्सालय, रूद्रपुर, जनपद उधमसिंह नगर में संविदा पर अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सूचीबद्ध होने की तिथि से वर्तमान तक की अवधि में पूर्णकालिक एलोपैथिक चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं। अतः यह मिथ्या कथन है कि डॉ0 गौरव अग्रवाल कृशन हॉस्पिटल में 24X7 उपलब्ध चिकित्सक हैं।

जाँच समिति का विश्लेषण/निष्कर्ष – अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना राज्य स्वास्थ्य अभिकरण, उत्तराखण्ड हेतु कृशन हॉस्पिटल, आर0आर0, क्वाटर न0 01, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर, बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर द्वारा इम्पैनलमेंट के ऑनलाईन आवेदन में एकल चिकित्सक के रूप में डॉ0 गौरव अग्रवाल द्वारा 24X7 उपलब्ध रहना दर्शायी गयी है, जिसकी अभिलेखीय आधार पर पुष्टि होती है । डॉ0 गौरव अग्रवाल जवाहर लाल नेहरू, जिला चिकित्सालय, रूद्रपुर, जनपद उधमसिंह नगर में Cardiologist (संविदा) के तौर पर पूर्णकालिक रूप से नियुक्त तथा वर्तमान में भी कार्यरत हैं जिसकी अभिलेखीय आधार पर पुष्टि होती है।

उपरोक्त अभिलेखीय तथ्यों के आधार पर जाँच समिति इस निष्कर्ष पर पहुँची कि डॉ0 गौरव अग्रवाल द्वारा कृशन हॉस्पिटल, आर0आर0, क्वाटर न0 01, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर, बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर को अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध कराने हेतु दिये गये ऑनलाईन आवेदन में पूर्णकालिक चिकित्सक होने का कथन मिथ्या पाया गया है तथा जाँच समिति डॉ0 गौरव अग्रवाल को अभिलेखों के आधार पर कृशन हॉस्पिटल में पूर्णकालिक चिकित्सक के रूप में होने की पुष्टि नहीं कर पायी।

31.06.19

2. **द्वितीय आरोप**– अभिलेखों के अनुसार कृशन हॉस्पिटल, आर.आर. क्वाटर न0 01, ऑपोजिट गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर में सूचीबद्ध किये जाने की तिथि से आतिथि तक कुल 17 मरीजों का ईलाज किया गया है परंतु सभी 17 मरीजों को इमरजेंसी में भर्ती किया गया है, कोई भी रेफरल केस नहीं है। उपरोक्त चिकित्सालय के द्वारा प्रस्तुत समस्त मेडिकल अभिलेखों के परीक्षणोंपरांत पाया गया है कि समस्त मरीजों के क्लीनिकल नोट्स में भर्ती का समय तथा उनके प्रोग्रेस चार्ट में भी कोई समय अंकित नहीं है तथा डिस्चार्ज कार्ड में भी भर्ती/डिस्चार्ज का समय अंकित नहीं किया गया है। उपरोक्त तथ्य से मरीजों की भर्ती तथा उपचार के समय की कोई सूचना प्राप्त नहीं हो सकती है। अतः यह कहना कठिन होगा कि समस्त रोगी इमरजेंसी में किस समय भर्ती हुए। यह तथ्य इस संदेह की पुष्टि करता है कि सम्बन्धित चिकित्सालय द्वारा समस्त मरीजों की भर्ती इमरजेंसी के रुप में दिखाई गई है। यह कृत्य अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के अन्तर्गत अवैधानिक लाभ प्राप्त करने हेतु धोखाधड़ी का संदेह उत्पन्न करता है।

जाँच समिति का विश्लेषण/निष्कर्ष – उपरोक्त वर्णित बिन्दु संख्या 02 के संबंध में कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर में 17 मरीजों के उपचार से संबंधित दस्तावेजों का गहन अध्ययन करने के उपरान्त निम्नलिखित तथ्य पाये गयेः–

- उपरोक्त 17 मरीजों मे से 03 मरीजों (क्र0सं0 2 में अंकित सुश्री नीतू यादव, 5 में अंकित सुश्री कमला रानी एवं 12 में अंकित सुश्री जीत कौर) का प्री–ऑथ अप्रूवल ऑटो अप्रूवल हुआ तथा शेष 14 मरीजों (क्र0सं0 1,3,4,6,7,8,9,10,11,13,14,15,16,17) को राज्य हैल्थ एजेंसी के अंतर्गत कार्यरत क्रियान्वयन सहायता एजेंसी के माध्यम से अप्रूव किया गया।
- उपरोक्त 17 मरीजों का उनके डायग्नोसिस के आधार पर विवरण निम्नानुसार हैः–

S.No	Diagnosis	No. of Cases	Attached Table Serial No.
01	Pyrexia of Unknown origin	01	07
02	Acute febrile illness	01	08
03	Acute Viral Hepatitis	05	09,10,11,12&13
04	Recurrent Vomiting	03	01, 02&03
05	Upper GI Bleeding	01	16
06	Acute Bronchitis	02	04, 05
07	Pneumonia	01	14
08	Acute exacerbations of	01	17

31.06.19

	COPD		
09	Diabetic Keto acidosis	01	15
10	Acute & Chronic Pancreatitis	01	06

- उपरोक्त दस्तावेजों के अवलोकनानुसार यह निश्चित है कि मरीजों का भर्ती होने का समय अंकित न करना एवं मरीज के किसी भी उपचार से संबंधित दस्तावेज में समय अंकित न करना हॉस्पिटल द्वारा अभिलेखों को अपूर्ण रखते हुए इस संदेह की पुष्टि करता है कि मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण ईलाज उपलब्ध न कराते हुए गैरजिम्मेदाराना रूप से कार्य करने की पुष्टि करता है। उपरोक्त तालिका में क्र0सं0 03 पर अंकित Viral Hepatitis सामान्यतः पानी के संक्रमण द्वारा होती है जो कि दिसम्बर से अप्रैल के बीच होने की सम्भावना कम होती है। सभी 17 मरीजों को आपातकालीन स्थिति में भर्ती करना जाँच समिति को सामान्य नहीं लगा जो हॉस्पिटल द्वारा अपनाई गयी कूटनीति को साबित करता है।

3. **तृतीय आरोप** – कृशन हॉस्पिटल के अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत यह तथ्य सामने आया है कि सभी भर्ती मरीजों में प्री–ऑथ अप्रूवल से पूर्व ही उपचार प्रारंभ किया गया है जो की संदेह की स्थिति उत्पन्न करता है। यह कृत्य अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के अन्तर्गत अवैधानिक लाभ प्राप्त करने हेतु धोखाधड़ी का संदेह उत्पन्न करता है।

जाँच समिति का विश्लेषण/निष्कर्ष – उपरोक्त वर्णित बिन्दु संख्या 03 के संबंध में जाँच समिति की राय है कि–

- 17 मरीजों मे से 03 मरीजों (क्र0सं0 2 में अंकित सुश्री नीतू यादव, 5 में अंकित सुश्री कमला रानी एवं 12 में अंकित सुश्री जीत कौर) का प्री–ऑथ अप्रूवल ऑटो अप्रूवल हुआ तथा शेष 14 मरीजों (क्र0सं0 1,3,4,6,7,8,9,10,11,13,14,15,16,17) को राज्य हैल्थ एजेंसी के अंतर्गत कार्यरत कियान्वयन सहायता एजेंसी के माध्यम से अप्रूव किया गया। 12 मरीजों (क्र0सं0 1,2,3,4,5,6,8,10,11,12,14,17) का प्री–ऑथराईजेशन सायं 06:00 बजे के बाद एवं 05 मरीजों (क्र0सं0 7,9,13,15,16) का प्री–ऑथराईजेशन 11:55 से 17:47 तक के बीच में इनिशियेट किया गया। जबकि मरीज के भर्ती होने का समय स्क्रीन शॉट के अतिरिक्त मरीज के किसी भी दस्तावेज (Clinical

01.06.19

Notes, Progress Report and Discharge Card) में अंकित नहीं किया गया है। साथ ही 01 मरीज आयुष्मान कार्ड संख्या PF9SPBSHF Case No. CASE/HOSP5P73665/D8617 श्री भूपेन्द्र को 17.02.2019 को हॉस्पिटल में भर्ती दिखाया गया है लेकिन डिस्चार्ज कार्ड में डिस्चार्ज की तारीख अंकित नहीं की गई है एवं एक अन्य मरीज सुश्री जीत कौर Case No. CASE/HOSP5P73665/D58155 को हॉस्पिटल में भर्ती होना तथा डिस्चार्ज की तारीख डिस्चार्ज कार्ड में अंकित नहीं की गई है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों एवं डॉ0 गौरव अग्रवाल द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेजों में मरीज के भर्ती का समय व उपचार प्रारम्भ करने का समय का अंकन नहीं करने के कारण जाँच समिति द्वारा भर्ती मरीजों में प्री–ऑथ अप्रूवल से पूर्व ही उपचार प्रारंभ किया गया है अथवा नहीं पर कोई राय व्यक्त किया जाना संभव नहीं है।

4. **चतुर्थ आरोप** – कृशन हॉस्पिटल, आर.आर. क्वाटर न0 01, ऑपोजिट गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर द्वारा प्रस्तुत मरीजों के मेडिकल रिकॉर्ड्स के परीक्षण के उपरांत यह तथ्य भी सामने आया है कि मरीजों की डायग्नोसिस बिना किसी जाँच (पैथोलाजी/रेडियोलॉजी) के ही की गई है। जैसे कि मरीज भूपेन्द्र, उम्र 16 वर्ष, भर्ती दिनांक 17 फरवरी 2019, आयुष्मान कार्ड संख्या PF9SPBSHF की डायग्नोसिस Fever with thrombocytopaenia admission slip में अंकित की गई है परंतु डायग्नोसिस से संबंधित जाँच तथा उपचार नहीं दिया गया है जो की संदेह की स्थिति उत्पन्न करता है कि मरीजों को साधारण बीमारी के होते हुए भी इमरजेन्सी में भर्ती किया गया है। उसी प्रकार अन्य मरीज श्रीमती कमला रानी, उम्र 32 वर्ष, भर्ती दिनांक 27 फरवरी 2019, आयुष्मान कार्ड संख्या PUR7PIPER की डायग्नोसिस admission slip में Acute febrile illness cause? acute bronchitis? Pneumonitis अंकित की गई है तथा urgent chest x-ray किये जाने का उल्लेख भी किया गया है परंतु कोई भी x-ray की जाँच रिर्पोट संलग्न न करना संदेहास्पद है। यह कृत्य अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के अन्तर्गत अवैधानिक लाभ प्राप्त करने हेतु धोखाधड़ी का संदेह उत्पन्न करता है।

- **जाँच समिति का विश्लेषण/निष्कर्ष** – कुल 17 मरीजों में से 04 मरीजों (क्र0सं0 6,8,11,13) की ही हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान खून की जाँच की गई जबकि शेष 13 मरीजों की हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान

31.06.19

पैथॉलोजी एवं रेडियोलोजी से संबंधित जाँच नहीं की गई। यह प्रक्रिया हॉस्पिटल द्वारा कूटनीति को दर्शाता है।

- संलग्न तालिका में क्र0सं0 7 पर अंकित आयुष्मान कार्ड संख्या PF9SPBSHF Case No. CASE/HOSP5P73665/D8617 श्री भूपेन्द्र को 17.02.2019 को हॉस्पिटल में (Pyrexia of Unknown origin) आपातकालीन स्थिति में भर्ती किया गया तथा हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई लेकिन डिस्चार्ज कार्ड में Date of discharge and time अंकित नहीं किया गया तथा डायग्नोसिस Fever with Thrombocytopaenia लिखी गयी जबकि इस मरीज की कोई भी खून अथवा अन्य जाँच नहीं की गयी है। Thrombocytopaenia बिना किसी खून की जाँच के कोई भी चिकित्सक डायग्नोसिस नहीं कर सकता।
- संलग्न तालिका में क्र0सं0 5 पर अंकित सुश्री कमला रानी आयुष्मान कार्ड संख्या PUR7PIPER Case No. CASE/HOSP5P73665/D11755 को Acute Bronchitis के लिए आपातकालीन स्थिति में एच0डी0यू0 में भर्ती किया गया तथा 27.02.2019 को खून की जाँच तथा urgent chest x-ray किये जाने की सलाह दी गई लेकिन मरीज का कोई भी test, X-ray नहीं किया गया तथा मरीज की 05.03.2019 को B/L Pneumonitis डायग्नोसिस के साथ छुट्टी कर दी गयी। यह कार्य हॉस्पिटल तथा चिकित्सक द्वारा अवैधानिक लाभ प्राप्त करने की पुष्टि करता है।

कृशन हॉस्पिटल, आर0 आर0 क्वाटर नं0 1, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर के विरूद्ध की गयी जाँच से सहमत होते हुये कृशन हॉस्पिटल को उक्त वर्णित अनियमित्ताओं हेतु यह **"कारण बताओ नोटिस"** दिया जाता है कि क्यों न–

i. कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर की सूचीबद्धता निरस्त करते हुए उसका de-empanelment कर दिया जाये;

ii. आरोप संख्या 2, 3 एवं 4 में वर्णित कुल 6 केसों के क्लेम की धनराशि रु0 55800/– जो चिकित्सालय द्वारा प्राप्त कर ली गई है, वह अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना सोसाइटी को कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर द्वारा वापिस की जाय और अनुबंध का उल्लंघन करने के कारण अर्थदण्ड भी लगा दिया जाये।

31.06.19

iii. आरोप संख्या 2, 3 एवं 4 में वर्णित कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर के शेष लम्बित 8 क्लेमों (धनराशि रू0 96300/–) को निरस्त कर दिया जाये, और अनुबंध का उल्लंघन करने के कारण अर्थदण्ड भी लगा दिया जाये।

कृशन हॉस्पिटल, आर0 आर0 क्वाटर नं0 1, ऑपोजिट गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर द्वारा उक्त "कारण बताओ नोटिस" का उत्तर देने के लिए नोटिस प्राप्ति की तिथि से 15 दिन का समय दिया जाता है। कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर के वर्तमान में लम्बित समस्त देयकों को अंतिम निर्णय होने तक प्रतीक्षा (abeyance) में रखा जाए। प्रकरण में जाँच समिति द्वारा की गई जाँच आख्या दिनांक 21 मई 2019 की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। यद्यपि उक्त आरोपों के सम्बन्ध में स्वयं कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर के पास सभी अभिलेख उपलब्ध हैं, तथापि कृशन हॉस्पिटल, रूद्रपुर को यह अवसर भी दिया जाता है कि वह उक्त 15 दिन की अवधि में किसी भी कार्य दिवस पर आकर अभिलेखों का निरीक्षण भी कर सकते हैं। यदि निर्धारित अवधि में चिकित्सालय द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया जाता है तो यह समझा जायेगा कि चिकित्सालय द्वारा उक्त आरोपों के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है और चिकित्सालय के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। इस कारण बताओ नोटिस को श्री विजय कुमार अग्रवाल, संचालक कृशन हॉस्पिटल, आर0 आर0 क्वाटर नं0 1, ऑपोजिट गुरू नानक गर्ल्स इन्टर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रूद्रपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर को ई–मेल से तथा रजिस्टर्ड डाक से भेजा जाये।

01.06.19

(डा0 अभिषेक त्रिपाठी)
निदेशक– प्रशासन
अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभिकरण, नई दिल्ली।
2. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभिकरण, नई दिल्ली।
3. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
5. अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति, अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना, देहरादून।
6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना, देहरादून।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
2. जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड।

3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड।
4. समस्त निदेशक, अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना, राज्य स्वास्थ्य अभिकरण।
5. राज्य समन्वयक, क्रियान्वयन सहायता एजेंसी, देहरादून।
6. आई0टी0 सह डाटा प्रबंधक को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
7. श्री विजय कुमार अग्रवाल, संचालक कृशन हॉस्पिटल, आर0 आर0 क्वाटर नं0 1, ऑपोजिट गुरू नानक गर्ल्स इन्टर कॉलेज, काशीपुर बायपास रोड, रूद्रपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर।

01.06.19

(डा0 अभिषेक त्रिपाठी)
निदेशक– प्रशासन
अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना

Krishan Hospital Rudrapur Udhamsingh Nagar, List of cases

S.No.	Case No.	Patient	Adm.Type	Package selected	Pre auth, initiatad	Approval Status	DOA	DOD	Diagnosis	Bill Amount	Duration of Hospitalization	Investigations done	Paid/Unpaid	Preauth Approved Amount
1	CASE/HOSP5 P73665/D21 075	Saharuli Nisha	E -HDU	Rec Vomiting with Dehydration	18:26:5 4	Approved	20.03.201 9	23.0-3.2019	CAD with Gastroenteritis	8100	3 days	NIL	Paid	8100
2	CASE/HOSP5 P73665/D11 348	Nitu Yadav	E - Routine W	Rec Vomiting with Dehydration	19:39:0 7	Auto approved	26.02.201 9	01.03.2019	Admitted with Rec Vomiting	9000	5 days	NIL	Paid	9000
3	CASE/HOSP5 P73665/D92 51	Pappu	E-HDU	Rec Vomiting with Dehydration	20:39:1 0	Approved	20.02.201 9	26.02.2019	Acute Liver Failure with Anemia	14400	6 days	LFT & KFT	Paid	14400
4	CASE/HOSP5 P73665/D42 893	Kalpana Mehra	E-HDU	Acute Bronchitis	22:28:4 5	Approved	6.042019	14.04.2019	Acute Brocnchitis	13500	8 days	CBC, LFT,	Unpaid	13500
5	CASE/HOSP5 P73665/D11 755	Kamla Rani	E-HDU	Acute Bronchitis	19:52:4 9	Auto approved	27.02.201 9	05.03.2019	B/L Pnemonia	14400	6 days	NIL	Paid	14400
6	CASE/HOSP5 P73665/D27 383	Kavita Rani	E-HDU	Acute & Chronic Pancreatitis	20:02:3 6	Approved	26.03.201 9	01.03.2019	Acute or Chronic Pancreatitis	15300	6 days	LFT	Unpaid	15300
7	CASE/HOSP5 P73665/D86 17	Bhupendera	E-Routine Ward	PUO	14:59:1 7	Approved	17.02.201 9	Not mentioned	Fever with Thrombocytopenia	9000	5 days	NIL	Paid	9000
8	CASE/HOSP5 P73665/D38 643	Vimla Kaur	E-HDU	Acute Febrile illness	23:08:1 0	Approved	03.04.201 9	10.04.2019	Acute Pyelonephritis	9900	7 days	CBC, LFT, URINE-R	Unpaid	9900

9	CASE/HOSP5 P73665/S5620	Kavita Mishra	E-HDU	Acute Viral Hepatitis	17:47:46	Approved	05.02.2019	08.02.2019	CLD with Decomp Portal Hypertension	6300	3 days	**NIL**	Paid	6300
10	CASE/HOSP5 P73655/S25759	Dayal Singh	E-HDU	Acute Viral Hepatitis	20:41:12	Approved	25.03.2019	31.03.2019	Acute Hepatitis	17100	6 days	**NIL**	Unpaid	17100
11	CASE/HOSP5 P73665/D50150	Alka	E-HDU	Acute Viral Hepatitis	22:45:10	Approved	12.04.2019	19.04.2019	Hepatits-C with Ac Viral Hepatitis	13500	7 days	CBC, RFT, LFT	Unpaid	13500
12	CASE/HOSP5 P73665/D58155	Jeet Kaur	E-HDU	Acute Viral Hepatitis	22:18:34	Auto approved	02.02.2019	06.02.2019	T2DM with Acute Viral Hepatitis	11700	4 days	**NIL**	Unpaid	11700
13	CASE/HOSP5 P73665/D4846	Abhilasha Pathak	E-HDU .	Acute Viral Hepatitis	11:55:08	Approved	02.02.2019	06.02.2019	Ac Viral Hepatitis HBV Related	11700	4 days	CBC, HEPATITIS-B VIRAL LOAD	Unpaid	11700
14	CASE/HOSP5 P73665/D28811	Shabir Ahmed	E-Routine Ward	Pneumonia	21:07:51	Approved	27.03.2019	01.04.2019	B/L Pnemonia	9000	5 days	**NIL**	Unpaid	9000
15	CASE/HOSP5 P73665/D24897	Radha Devi	E-HDU	Diabetic Ketoacidosis	12:40:36	Approved	24.03.2019	31.03.2019	Diab.Ketoacidosis with Hypertension	11700	7 days	**NIL**	Unpaid	11700
16	CASE/HOSP5 P73665/D5261	Shivkeshwar	E-HDU	Upper GI Bleeding	14:42:32	Approved	04.02.2019	11.02.2019	Upper GI Bleed ing	14400	7 days	**NIL**	Unpaid	14400
17	CASE/HOSP5 P73665/D33810	Reshma	E-HDU	Acute Exac.of COPD	23:56:16	Approved	31.03.2019 05.04.2019		Acute Exac.of COPD	9900	5 days	**NIL**	Unpaid	9900